प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में तेल, गैस आपूर्ति को लेकर आज शाम विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केन्द्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों के साथ वीसी के जरिये बैठक करेंगे।
- राजस्थान गर्वमेन्ट हेल्थ स्कीम का प्रदेशभर में सुचारू संचालन–आरजीएचएस के तहत कल 43 हजार से अधिक ट्रांजेक्शन आईडी जनरेट हुई।
- रामनवमी का पर्व आज भी कुछ स्थानों पर मनाया जा रहा है–करौली में श्री महावीर जी वार्षिक मेले की आज से शुरूआत।
- आईपीएल का दूसरा चरण कल से शुरू होगा–अप्रैल और मई महीने में जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में चार मैच खेले जायेंगे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केन्द्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के जरिये बैठक करेंगे। इसमें पश्चिमी एशिया में बदलते हालात और देश में तेल गैस आपूर्ति पर असर सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में **'टीम इंडिया'** की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा यह पहली बार है कि प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया संघर्ष पर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। **आदर्श आचार संहिता–एमसीसी** के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी कल सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में तेल गैस प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में तेल गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार सतर्कता से काम करते हुए व्यवस्थाओं को अधिक मजबूत और प्रभावी बना रही है। मुख्यमंत्री ने सिटी गैस वितरण कंपनियों को घरेलु पाइप्ड नैचुरल गैस कनेक्शन देने में तेजी लाने के निर्देश दिए है।
मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मध्यपूर्व एशिया क्षेत्र में मौजूदा हालात के मद्देनजर राजस्थान फाउंडेशन के 26 चेप्टर और देश विदेश के 60 प्रवासी राजस्थानी एसोसिएशन के साथ वीसी के माध्यम से संवाद भी किया। इस बीच प्रदेशभर में गैस सिलेंडरों के अवैध भण्डारण, रीफिलिंग और कालाबाजारी पर लगातार कडी निगरानी रखी जा रही है।

0000

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उस खबर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारत में केवल दो दिन का पेट्रोल शेष है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की है। इकाई ने सटीक जानकारी की पुष्टि केवल आधिकारिक स्रोतों से ही करने का आग्रह किया है।

0000

**आर्थिक सहयोग और विकास संगठन–ओईसीडी** ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025–26 के लिए 7 दशमलव 6 प्रतिशत, 2026–27 के लिए 6 दशमलव 1 प्रतिशत और 2027–28 के लिए 6 दशमलव 4 प्रतिशत आंकी है। इससे भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। ओईसीडी की अंतरिम आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था की मजबूती की परीक्षा ले रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य से माल ढुलाई रुकने और कुछ ऊर्जा अवसंरचनाओं के बंद होने या क्षतिग्रस्त होने से ऊर्जा की कीमतों में उछाल आया है। इससे ऊर्जा तथा उर्वरक जैसी अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति भी बाधित हुई है। इससे लागत बढ़ रही है, मांग पर दबाव पड़ रहा है और मुद्रास्फीति का दबाव भी बढ़ रहा है।

0000

राजस्थान गर्वमेन्ट हेल्थ स्कीम आरजीएचएस का प्रदेशभर में सुचारू संचालन हो रहा है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने बताया कि कल भी बडी संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कल सामान्य दिनों की तरह 43 हजार से अधिक ट्रांजेक्शन आईडी जनरेट हुई। राजस्थान स्टेट हैल्थ इश्योरेंस एजेन्सी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया कि गुरूवार को डे केयर में करीब एक हजार और ओपीडी में करीब 23 हजार रोगियों ने परामर्श और उपचार लिया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से अस्पतालों और फार्मेसी को भुगतान की प्रकिया भी नियमित रूप से जारी है। बकाया भुगतान भी प्राथमिकता के साथ चरणबद्ध तरीके से किये जा रहे है। उन्होंने सभी सूचीबद्ध अस्पतालों और फार्मेसी स्टोर से मरीजों को बिना किसी परेशानी के गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की है।

0000

प्रदेश में चैत्र नवरात्रि के अंतर्गत आज कुछ स्थानों पर **आज भी** रामनवमी का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान रखे गये है। भरतपुर के प्रमुख कैला देवी झील का बाडा में मातारानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड रहा है। वहीं देवस्थान विभाग की ओर से लगाया गया लक्खी मेला भी परवान पर है। रामनवमी के मौके पर बालोतरा में आज शोभायात्रा निकाली जायेगी।

-----

करौली जिले के पावन तीर्थ श्रीमहावीर जी में आज से वार्षिक मेले की शुरूआत हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में भाग लेने के लिए देश विदेश से जैन धार्मवलंबियों का पंहुचना जारी है।

-----

0000

प्रदेश में सक्रिय हुए नये पश्चिमी विक्षोभ का असर कई स्थानों पर देखने को मिल रहा है। कल दोपहर बाद पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर आंधी के साथ बरसात हुई। बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में दोपहर बाद मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। झुंझुनूं से हमारे संवाददाता ने बताया कि कल शाम मौसम अचानक बदला और आंधी के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया।

-----

राज्य में कई जगह तापमान में उतार चढाव का दौर भी बना हुआ है। कोटा–चित्तौडगढ और बाडमेर में तेज गर्मी का असर देखा गया और दिन का पारा 38 डिग्री के पार रिकॉर्ड हुआ। 38 दशमलव 9 डिग्री के साथ कोटा सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज भी जयपुर, अलवर, करौली, दौसा सहित कुछ भागों में आंधी बारिश की संभावना है। कल जोधपुर बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में दोपहर बाद आंधी, बारिश की गतिविधियां बनी रह सकती है। इस दौरान तेज हवायें चलने **के भी आसार है।**

0000

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड –बी.सी.सी.आई.** ने इंडियन प्रीमियर लीग–आई.पी.एल के दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्लेऑफ के आयोजन स्थलों की जानकारी बाद में साझा की जाएगी। दूसरे चरण में 12 शहरों में 50 मैच खेले जाएंगे। इनमें बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली शामिल हैं। ये मैच 13 अप्रैल से 24 मई तक चलेंगे। जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में भी अप्रैल और मई महीने में कुल 4 मुकाबले खेले जायेंगे। आईपीएल का पहला चरण कल से शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में कल शाम वर्तमान चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने–सामने होंगे।

0000